तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

11 एफसीआई की 23 एकड़ जमीन पर मुरुम...



12 'रन फॉर हॉर्नबिल' में कलेक्टर और अधिकारियों...



राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर

औद्योगिक सुरक्षा एवं फायरमैन अग्निशमन प्रशिक्षण के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें : फायर सेफ्टी

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)
संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

खबर संक्षेप

नवापारा में 8 अक्टूबर को लगेगा स्वास्थ्य शिविर



नवापारा-राजिम। भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर उनके जन्मदिवस 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर एक माह तक चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। यह जानकारी देते हुए युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने बताया कि सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय विशाल स्वास्थ्य महा शिविर का आयोजन कराया जा रहा है। बताया कि सामुदायिक भवन में सुबह 9 से शाम 4 बजे तक, आयोजित होने वाले इस निःशुल्क शिविर में स्वास्थ्य जांच, विशेषज्ञ परामर्श, दवाई वितरण, रक्तदान होगा। निःशुल्क उपचार भी किया जाएगा ।

फोटोग्राफी यूनियन का गठन



राजिम। राजिम-नवापारा अंचल के फोटोग्राफरो द्वारा सम्मेलन किया गया। यहां फोटोग्राफी यूनियन का गठन किया गया है। यूनियन में अध्यक्ष के रूप में जयंत साहू, उपाध्यक्ष देवीचंद साहू, सचिव रिखिराम यदु, सहसचिव नोमेश साहू, कोषाध्यक्ष मयंक साहू, धरम साहू, कार्यकारिणी सदस्य तुकाराम, गिरधर, मोहित, पूरन सिंह, मनीष साहू, प्रीत कुमार का मनोनयन किया गया। इस अवसर पर कुछ बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें शादियों में सुबह 6 के बाद विदाई का फोटो वीडियो शूट नहीं किया जाएगा। किसी भी इवेंट में 3 महीने के बाद डाटा की जवाबदारी फोटोग्राफर की नहीं रहेगी। शादी, सगाई में फोटोग्राफर एवं वीडियोग्राफर को रहने खाने की उचित व्यवस्था उपलब्ध कराई जानी चाहिए ऐसे और भी अन्य महत्वपूर्ण विश्व में विषयों पर चर्चा की गई।

आवास सर्वे में पात्र हितग्राहियों का नाम कटना चिंता का विषय

राजिम। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण 2.0 के अंतर्गत पूर्व में ग्राम पंचायतों द्वारा किए गए सर्वे के बाद बड़ी संख्या में पात्र हितग्राहियों के नाम सॉफ्टवेयर की प्रक्रिया में स्वतः अपात्र अथवा विलोपित हो जाने का मामला सामने आया है। इससे जिलेभर के सरपंचों के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों में भी चिंता और निराशा की स्थिति बनी हुई है। वर्तमान में ग्राम सभा के माध्यम से जिन हितग्राहियों के नाम अपात्र किए गए हैं, उनके लिए 8 अक्टूबर तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया है। वहीं दूसरी ओर पूर्व में पंचायत स्तर पर किए गए सर्वे में पात्र पाए गए कई हितग्राहियों के नाम बाद की सॉफ्टवेयर प्रक्रिया अथवा तकनीकी कारणों से सूची से हट गए हैं। ऐसे पात्र परिवार अब आवास योजना के लाभ से वंचित होने की स्थिति में हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर जिला सरपंच संघ के शेष पेज 10 पर



आयोजन : ग्राम खोकसरा में आयोजित शिविर में प्रभारी मंत्री बघेल, सांसद रूपकुमारी ने दी सौगात

सेवा संकल्प शिविर में गांव-गांव तक पहुंच रहा शासन, मिल रहा योजनाओं का लाभः मंत्री बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवभोग

जिले में संचालित सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत मंगलवार को देवभोग विकासखंड के ग्राम खोकसरा में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सांसद रूपकुमारी चौधरी, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, गोवर्धन मांझी सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं भारी संख्या में ग्रामीणजनों ने भी सहभागिता की। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अतिथियों ने अवलोकन किया तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को सामग्री एवं लाभ का वितरण किया गया। मंत्री ने ग्राम खोकसरा में लगभग 10 लाख रुपए की लागत से गली कंक्रीटीकरण, नवीन ग्राम पंचायत भवन, बोर खनन की स्वीकृति तथा अमृत सरोवर निर्माण से संबंधित घोषणाएं की। वहीं ग्राम सागौनबाड़ी में नवीन ट्रांसफार्मर की स्वीकृति की भी घोषणा की। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक अनिल चंद्राकर, कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर, ग्राम पंचायत खोकसरा की सरपंच पुष्पा यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

- गली कंक्रीटीकरण, नवीन पंचायत भवन, ट्रांसफार्मर सहित विभिन्न विकास कार्यों की घोषणाएं की

मुख्य अतिथि मंत्री श्री बघेल ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविरों में अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी लोगों को योजनाओं की जानकारी मिले। उन्होंने कहा कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार तेजी से निराकरण किया जाएगा। उन्होंने सेवा संकल्प अभियान के तहत 'आशीर्वाद का दीया', सेवा गाथा, सेवा सेतु सहित विभिन्न गतिविधियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष के सार्वजनिक जीवन के अवसर पर विभिन्न सेवा गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य शेष पेज 10 पर





संबोधन सूची में नाम नहीं होने पर पूर्व विधायक मांझी ने थामा माइक, गिनाईं क्षेत्र की समस्याएं

गरियाबंद/ देवभोग। सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत देवभोग विकासखंड के ग्राम खोकसरा में आयोजित सेवा सेतु शिविर में उस समय माहौल कुछ अलग हो गया, जब अतिथियों के संबोधन के दौरान पूर्व भाजपा विधायक गोवर्धन मांझी का नाम संबोधन सूची में नहीं था। नाम नहीं होने का अहसास होते ही मांझी ने माइक संभाल लिया और हल्की नाराजगी जताते हुए क्षेत्र की लंबित समस्याओं को मंच से सामने रखा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण जरूरतें अब भी पूरी नहीं हो सकी हैं और जब तक इनका समाधान नहीं होगा, तब तक सेवा सेतु की अवधारणा पूरी तरह सार्थक नहीं हो पाएगी।

पूर्व विधायक मांझी ने कहा कि अब तक बेलाट नाला पर पुलिया का निर्माण नहीं हो पाया है। झाखरपारा में जिला सहकारी बैंक की शाखा नहीं खुल सकी है। ओडिशा सीमा से गुजरने वाली इंद्रावती नदी से क्षेत्र को सिंचाई सुविधा दिलाने की दिशा में भी अपेक्षित काम नहीं हो पाया है। उन्होंने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि विकासखंड में कई जिम्मेदार विभागों के अधिकारी नियमित रूप से उपलब्ध नहीं रहते। ऐसे में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कैसे होगा, यह गंभीर विषय है।

ढाई साल बाद इलाके में पहुंचे मंत्री, उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

ढाई साल के कार्यकाल में पहली बार सरकार के मंत्री के देवभोग क्षेत्र में पहुंचने की खबर से ग्रामीणों में भी उत्साह नजर आया। सेवा सेतु शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। हर कोई अपनी मांग और समस्या प्रभारी मंत्री के समक्ष रखना चाहता था। आवेदकों की भीड़ को देखते हुए मंच तक पहुंचने से पहले ही आवेदन लेने के लिए अधिकारियों और पुलिस की व्यवस्था की गई थी। शिविर को संबोधित करते हुए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा सेतु शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना और लोगों की समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिविर में प्राप्त एक भी आवेदन कचरे की टोकरी में नहीं जाएगा। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि किसी आवेदन का तत्काल निराकरण संभव नहीं है तो आवेदक को स्पष्ट रूप से कारण बताया जाए और यह भी जानकारी दी जाए कि उसका निराकरण कब तक किया जाएगा। उन्होंने प्रत्येक आवेदन की निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों को अपनी समस्या के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े।

3 साल पहले हुए पंचायत व विधानसभा चुनाव कार्य का भुगतान मांगने पहुंचे प्रजापति

मैनपुर। नगर के इलेक्ट्रिक दुकान के संचालक लालू प्रजापति ने ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच और सचिव पर गंभीर आरोप लगाते हुए बकाया राशि के भुगतान की मांग को लेकर सोमवार को जिला पंचायत गरियाबंद के सीईओ प्रखर चंद्राकर को आवेदन देकर शिविर मे फिर एक बार गुहार लगाई है। ज्ञात हो कि सितम्बर माह मे मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर मे फोन लगाकर शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन अब तक उनके समस्या का समाधान नहीं हुआ। जिससे परेशान लालू प्रजापति ने फिर एक बार सेवा संकल्प शिविर मे आवेदन देकर मांग किया है कि उनके मेहनत मजदूरी की राशि का भुगतान उन्हे कराया जाये। मैनपुर के लालू प्रजापति के ने लिखित आवेदन मे बताया कि विधानसभा चुनाव 2023–24 और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2024–25 के दौरान ग्राम पंचायत मैनपुर के पूर्व सरपंच बलदेव राज ठाकुर एवं सचिव संजय नंदाल के निर्देश पर उन्होंने चुनाव केंद्रों में बिजली फिटिंग, बोर मरम्मत, लाइट सेटिंग और ग्राम पंचायत से संबंधित बोर्ड व ट्यूबवेल के अन्य आवश्यक सामग्रियां ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराई थीं जिसकी कुल राशि 1 लाख 53 हजार का है किन्तु ग्राम पंचायत द्वारा मुझे दो किस्त मे पहले बार 40 हजार व दूसरी बार 20 हजार भुगतान किया गया और 93 हजार रूपये राशि शेष लेना बाकी है। तीन साल से अपनी मेहनत की कमाई के लिए भटक रहा हूँ।



मैनपुर में कांग्रेसियों ने मंत्री का काफिला रोका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के साथ गरियाबंद जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल आज पहली बार सेवा संकल्प कार्यक्रम के तहत देवभोग के दौरे सुबह 11 के आसपास जा रहे थे। उसी दौरान मैनपुर नगर में ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री दयाल दास बघेल के काफिला को रोका और उन्हें ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की समस्याओं की समाधान करने की मांग की। इस दौरान पुलिस प्रशासन में हड़कंप देखने को मिला।

- अस्पताल में डॉक्टर, स्कूलों में शिक्षक और हाथी प्रभावित ग्रामीण किसानों को मुआवजा देने की मांग

ज्ञात हो कि कैबिनेट मंत्री बघेल के मैनपुर देवभोग क्षेत्र प्रवास की सूचना मिलते ही ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव एवं महामंत्री गेंदु यादव ने एक दिन पहले ही मंत्री के काफिले को रोकने और उन्हें समस्या बताने की घोषणा कर दिए थे। जिसके चलते सुबह से भारी संख्या में पुलिस बल मैनपुर में तैनात किया गया था। गरियाबंद पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर भी मंत्री के आने से पहले मैनपुर पहुंच गए थे। कांग्रेसियों ने भारी पुलिस बल की उपस्थिति में मंत्री के काफिले को रोककर ज्ञापन सौंपा और उन्हें समस्या समाधान करने की मांग की। मंत्री ने कांग्रेसियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल समाधान करने का निर्देश दिया है। मंत्री को सौंप गए ज्ञापन में हाथी प्रभावित परिवारों को जनहानि एवं फसल हानि की लंबित मुआवजा राशि का तत्काल भुगतान किया जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनपुर में महिला विशेषज्ञ डॉक्टर, सोनोग्राफी मशीन एवं तकनीशियन सोनोलॉजिस्ट/टेक्नीशियन की व्यवस्था की जाए। मैनपुर मुख्यालय में व्यवहार न्यायालय एवं भारतीय स्टेट बैंक की शाखा स्थापित की जाए। स्कूलों में शिक्षक की कमी को दूर किया जाए जैसे कई शेष पेज 10 पर

स्कूल लगने व छूटने के समय पर पुलिस रहेगी तैनातः एसपी

मैनपुर। गरियाबंद पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर मंगलवार को मैनपुर पहुंचे। नगर के वरिष्ठजनों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की कि नगर से 2 किमी दूर नवमुड़ा में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल संचालित किया जाता है। देहारगुड़ा मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के अलावा मैनपुर हायर सेकेण्डरी स्कूल में सुबह 10 बजे स्कूल खुलने के समय सैकड़ों बच्चे पढ़ाई करने जाते हैं। वही शाम 4 बजे छुट्टी के समय बच्चे वापस घर लौटते हैं। इस दौरान बड़े भारी वाहनों और खासकर नौसीखिया बगैर लायसेंस के ट्रैक्टर चालकों से दुर्घटना की अंदेशा बना रहता है। स्कूल खुलने और छुट्टी के समय बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस के जवानो की तैनाती करने की मांग की। एसपी ने ने तत्काल पुलिस जवान तैनात करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि स्कूल खुलने और बंद होने के समय पुलिस बल अनिवार्य रूप से मौके पर तैनात रहे और लगातार गश्त सुनिश्चित करे।



जामगांव लचकेरा सहकारी समिति का वार्षिक अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर

सहकारी समिति जामगांव लचकेरा पंजीयन क्रमांक 994 का वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। जिसमें भा ज पा कार्यकर्ताओं ने किसानों को भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना खाद वितरण एवं शून्य प्रतिशत ब्याज पर सहकारी बैंक के माध्यम से किसानों को मिलने की जानकारी दी। उसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद गया ज्ञापित किये।

- सेवानिवृत किशन लाल साहू का किया गया सम्मान



सहकारी समिति के माध्यम से दिए जाने वाले सुविधा को प्रबंधक के द्वारा बताया गया। अधिवेशन मे एवं सहकारी समिति मे लंबे समय से सेवा देने वाले और उनके सेवानिवृत्ति होने पर किशन लाल साहू का शाल श्रीफल से सभी जनप्रतिनिधि एवं सरकारी समिति के समस्त कर्मचारी अध्यक्ष सहित उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला के पूर्व अध्यक्ष मिजून साहू,पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के जिला अध्यक्ष दशरथ सिंन्हा,पूर्व सहकारी समिति के अध्यक्ष पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत जामगांव के अरुण कुमार सिंन्हा, सहकारी समिति के अध्यक्ष कोमल ढीढी,सभी वरिष्ठ किसान शिवराम सिंन्हा,नरोत्तम सिंन्हा, थानुराम साहू, शेष पेज 10 पर

9 पिपरौद में मनाया पितर मानस महोत्सव

युवाओं को नशे से बचाने संस्कार व सुविचार दें: पूर्व मंत्री धनेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

पिपरौद में पितर मानस महोत्सव का आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने इस अवसर पर कहा कि ग्राम पिपरौद शुरू से ही हमारे गुरुजनों के आशीर्वाद से धार्मिक कार्यक्रम में आगे है। श्रीरामचरित मानस आयोजन होने से मन में शांति, एकता, भाईचारा एवं विकास की उत्पति होती है।

मानव जीवन के लिए धर्म के प्रति आस्था विश्वास एवं लगाव एक पुण्य के बराबर होता है। आज गांव-गांव में मानस ज्ञाता विद्वानों द्वारा धर्म का प्रचार मानव जीवन को सार्थक बनाने हो रहा है। जो आने वाले भविष्य के लिए सुनहरा प्रतीत हो रहा है। ग्राम एवं समाज की उन्नति में धर्म का बड़ा योगदान रहता है। आज युवा वर्ग नशा के गर्त में जा रहे है जिसको बचाने के लिए धर्म ग्रंथ



ही एक मात्र सहारा है। जो अच्छे मार्ग की ओर इंगित कर एक सुविचार एवं संस्कार प्राप्त कर एक अच्छे जीवन जीने की ओर अग्रसर हो रहा है। मानव जीवन का उत्पति का उद्देश्य ही एक अच्छे समाज एवं संस्कारित परिवार का निर्माण करना होना चाहिए और यही बात हमें धर्म के मार्ग पर चल कर मानस पाठ ग्रंथो वेद पुरानो से प्राप्ति होती है। हम सब भगवान श्रीरामचंद्र जी के बताए मार्ग पर चले ताकि हमारा जीवन का उद्धार हो सके ।

इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में तुलेश साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ, चंद्रहास साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, गिरधारी साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण, प्रहलाद साहू, कुंती-लखन साहू जनपद सदस्य, सविता-ताराचंद साहू, उमराव साहू, रेखराम साहू, हेमू साहू, केजू कमलवंशी, केशव साहू, संजय यादव, इंदल साहू, सालिक साहू, भूपेश साहू, नुकेश गिलहरे, उपसरपंच चमेली बाई, खेमन साहू, रामाधार साहू, घनश्याम साहू, पुनीत सेन, देवराम साहू, मनोज साहू, लोकेश साहू, पृथ्वी साहू, धनराज साहू, गिरधर साहू, झम्मन साहू, नरोत्तम साहू, हेमलाल साहू, लोकेश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

खबर संक्षेप



शहीद घनश्याम कन्नौजे की जयंती पर किया नमन

महासमुंद। ग्राम खरोरा में भारत देश के शहीद घनश्याम कन्नौजे की जयंती पर नमन किया। इस दौरान कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, लता चंद्राकर,जया चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर उपस्थित रहे। बता दें कि ग्राम बिरकोनी के निवासी शहीद घनश्याम कनौजे ने देश के लिए अपना फर्ज निभाया, जिन्होंने माओवादियों से लोहा लेते हुए अपनी जान कुर्बान कर दिया। एएसएफ की दूसरी बटालियन सकरी बिलासपुर के आरक्षक क्रमांक-111 छत्तीसगढ़ के माओवाद प्रभावित बीजापुर जिले के भद्राकाली में तैनात थे और 19 अगस्त 2011 को फोर्स की एक टुकड़ी कैंप के लिए निकली थी। इस टुकड़ी के जवान रास्ते पर नक्सलियों के एंबुश में फंस गए। धमाके के साथ नक्सलियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। धमाके में ही कई जवान जख्मी हो गए थे। जवानों ने जोरदार जवाबी कार्रवाई की और नक्सलियों का डटकर सामना किया।

रंगोली प्रतियोगिता आज राष्ट्र/भारत मंडला का किया जाएगा अवलोकन

महासमुंद। जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न रचनात्मक एवं जनभागीदारी आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 07 अक्टूबर 2026 को जिले में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में विशाल रंगोली राष्ट्र/भारत मंडला 76×76 फीट का निर्माण किया गया है, जिसका अवलोकन अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में महाविद्यालयीन स्तर पर आयोजित रंगोली राष्ट्र प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

सेवा ज्योति कलश यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा आज

महासमुंद। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में 07 अक्टूबर को सेवा ज्योति कलश यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 9:15 बजे सभी प्रतिभागियों का कार्यक्रम स्थल शंकराचार्य भवन महासमुंद पर आगमन होगा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं देशभक्ति गीतों का वादन होगा।

कर्मचारी जान जोखिम में डालकर कर रहे काम, बिना किट कार्य करने से हमेशा रहती है जान जोखिम में

मैनपुर में बिजली विभाग डिवीजन आफिस किराये के भवन में संचालित, जर्जर होने से दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड में बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी गंभीर समस्याओं के बीच कार्य करने को मजबूर हैं। घने जंगलों से घिरे इस क्षेत्र में बिजली की लाइनें लंबी और दुर्गम रास्तों से होकर गुजरती हैं। खासकर जून से अक्टूबर तक के महीनों में आंधी-तूफान और झमाझम बारिश के दौरान पेड़ों के गिरने से अक्सर बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में रात के अंधेरे और मूसलाधार बारिश के बीच कर्मचारियों को पेट्रोलिंग कर जंगलों के भीतर जाकर बिजली सुधारनी पड़ती है।

उल्लेखनीय है कि अपनी जान जोखिम में डालकर फॉल्ट सुधारने वाले इन मैदानी कर्मचारियों के पास सुरक्षा के लिए जरूरी बुनियादी किट तक उपलब्ध नहीं हैं। बिना ग्लब्स, जूते, टार्च और रेनकोट के कर्मचारी जान हथेली पर रखकर काम कर रहे हैं। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि लाखों घरों में रोशनी पहुँचाने वाले इन कर्मचारियों को तुरंत सुरक्षा उपकरण मुहैया कराए जाएं।

डेढ़ साल पहले लिखा पत्र पर अब तक कार्रवाई नहीं: विधायक

बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने इस मामले पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मैनपुर में बिजली सब-डिवीजन का नया भवन निर्माण बेहद जरूरी है। यहाँ कार्यरत कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर काम कर रहे हैं और दूर-दूर से अपनी समस्या लेकर आने वाले उपभोक्ताओं के बैठने तक की उचित व्यवस्था नहीं है। उन्होंने बताया कि नए भवन के निर्माण के लिए डेढ़ वर्ष पूर्व ही संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों को पत्र भेजा गया था, जिस पर जल्द ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है।







कर्मचारियों के लिए शौचालय- मूत्रालय भी नहीं

कार्यालय की स्थिति इतनी दयनीय है कि वहाँ कर्मचारियों और आम नागरिकों के लिए शौचालय व मूत्रालय जैसी बुनियादी सुविधा तक नहीं है। नदी तट और झाड़ियों के करीब स्थित होने के कारण इस जर्जर भवन में आए दिन जहरीले सांप और बिच्छू निकलते रहते हैं। खिड़की और दरवाजों में बड़ी-बड़ी दरारें होने के कारण कर्मचारियों के मन में हर समय जहरीले जीव-जंतुओं का डर बना रहता है।

जर्जर भवन में कार्यालय

मैनपुर में वर्ष 2015 में सब-डिवीजन कार्यालय बनाए जाने के बावजूद आज तक इसका स्वयं का भवन नहीं बन पाया है। वर्तमान में यह महत्वपूर्ण कार्यालय पैरी नदी के किनारे एक पुराने, जर्जर और किराए के भवन में संचालित हो रहा है। यहाँ जगह की भारी कमी के कारण बिजली बिल जमा करने या अपनी समस्याएं लेकर आने वाले उपभोक्ताओं को बाहर ही इंतजार करना पड़ता है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का कहना है कि तहसील मुख्यालय होने के बावजूद बिजली विभाग का अपना सर्वसुविधायुक्त भवन न होना बेहद चिंताजनक है। नए भवन के निर्माण के लिए लंबे समय से मांग की जा रही है, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है।

छुईपाली में टोल प्लाजा प्रबंधन ने चलाया स्वच्छता अभियान
अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया श्रमदान और पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

नेशनल हाईवे-53 स्थित छुईपाली टोल प्लाजा पर स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। यहां श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का संकल्प भी लिया गया। टोल मैनेजर पवन प्रशांन्त सिंह ने कर्मचारियों को ₹एक घंटा, एक दिन, एक साथ₹ स्वच्छता की शपथ दिलाई।

हाईवे इंजीनियर रवि कुमार ठाकुर ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मैनेजर पवन प्रशांत सिंह एवं उमाशंकर विशेष रूप से मौजूद रहे। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अभियान में सहभागिता करते हुए टोल प्लाजा परिसर और आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई की। इस अवसर पर कर्मचारियों को अपने कार्यस्थल के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र को भी स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर टोल प्लाजा कंपनी के मैनेजर पवन प्रशांत सिंह, सेफ्टी इंजीनियर उमाशंकर, असिस्टेंट मैनेजर प्रवीण, एचआर कौशिक, सेफ्टी सुपरवाइजर सुरेंद्र राय, सुदीप महांती, गिरी तथा हाईवे इंजीनियर रवि कुमार ठाकुर की ओर से आरपीवी टीम के सदस्यों का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में आरपीओ सूरज सिंह, आरपीवीडी मुकेश दास तथा सहायक कृष्णा दास शामिल रहे।



सांकरा में विधायक व सांसद ने फीता काटकर किया नवीन शाला भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

ग्राम सांकरा में शिक्षा के विस्तार और अधोसंरचना विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के तौर पर यहाँ नवनिर्मित नवीन शाला भवन का विधिवत लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक डॉ. संपत अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद रूपकुमारी चौधरी के साथ वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बाद फीता काटकर नवनिर्मित शाला भवन का लोकार्पण किया।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की रीढ़ है। ग्रामीण अंचलों में आधुनिक और सुरक्षित शैक्षणिक अधोसंरचना उपलब्ध कराना शासन और जनप्रतिनिधियों की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नवीन भवन के निर्माण से सांकरा और आसपास के विद्यार्थियों को अनुकूल शैक्षणिक वातावरण मिलेगा, जिससे उनका पठन-पाठन और अधिक सुगम होगा।



कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी ने भी केंद्र व राज्य शासन की जनकल्याणकारी नीतियों पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा एवं सांसद रूपकुमारी चौधरी, अध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा ऊषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा ब्रह्मानंद पटेल, अध्यक्ष सरपंच संघ सतपाल सिंह छाबड़ा, सभापति जनपद पंचायत पिथौरा कंवलजीत छाबड़ा, जिला पंचायत सदस्य जगमोती भोई, विधायक प्रतिनिधि बसना कैलाश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि एवं जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा सभापति जनपद पिथौरा दिनेश अग्रवाल,सांसद प्रतिनिधि मनमीत सिंह छाबड़ा, स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

माताओं को पोषण, किशोरियों को स्वच्छता और बच्चों को ऊपरी आहार की सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बागबाहरा ब्लॉक के खम्हरिया सेक्टर के ग्राम अमेठी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में समुदाय के लोगों के लिए आंगन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं, किशोरी बालिकाओं और बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया। ग्रामीण महिलाओं को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों को दैनिक आहार में शामिल करने तथा बच्चों के खान-पान को लेकर सावधानी बरतने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच प्रमोद साहू रहे। वहीं सक्रिय महिला किरण यादव और पंच किरण खड़िया सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोज चंद्राकर ने गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं तथा किशोरी बालिकाओं को पोषण आहार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।



समारोह में महिलाओं को बताया गया कि शरीर को आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध कराने के लिए भोजन में मूंगा भाजी, लाल भाजी, हरी सब्जियां, फल, अंकुरित चना, फल्ली, गुड़ और मूंग जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थों को शामिल करना चाहिए। गर्भवती महिलाओं और शिशुवती माताओं के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व पर विशेष रूप से चर्चा की गई। महिलाओं में खून की कमी से बचाव के लिए आयरन युक्त आहार लेने की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य को भी प्रमुखता दी गई। उन्हें माहवारी के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, स्वच्छता संबंधी सावधानियों का पालन करने और इस दौरान स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की जानकारी दी गई। बालिकाओं को माहवारी से जुड़ी सामान्य स्वास्थ्य संबंधी बातों को लेकर जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

बाहर कचरा फेंकने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर में स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने तथा सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा सख्ती शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा ने स्वच्छता प्रभारी एवं स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी के साथ विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक स्थानों एवं सड़क किनारे कचरा फेंके जाने की स्थिति पाए जाने पर सीएमओ ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कचरा हटाने तथा कचरा फैलाने वाले व्यक्तियों एवं प्रतिष्ठानों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

सीएमओ सौरभ शर्मा ने कहा कि नगर पालिका द्वारा नागरिकों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण की सेवा नियमित रूप से उपलब्ध कराई जा रही है।



इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा यूजर चार्ज जमा नहीं करने के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंककर स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावित किया जा रहा है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से स्टेशन रोड क्षेत्र की कुछ होटल एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा गंदगी फैलाए जाने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने के निर्देश दिए। संबंधित प्रतिष्ठानों द्वारा कचरा प्रबंधन एवं नगर पालिका की कचरा संग्रहण व्यवस्था का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं, इसकी जांच की जाएगी।

पेज 9 के शेष

सेवा संकल्प शिविर में...

के अनुरूप आगे बढ़ने का संकल्प लिया जा रहा है। मंत्री श्री बघेल ने ग्रामीणों से पात्रतानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत सहित अन्य योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने किसानों के लिए संचालित योजनाओं और धान खरीदी का भी उल्लेख किया तथा स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांवों को स्वच्छ रखने का आह्वान किया। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर परिणाम, युवाओं को कौशल विकास से जोड़ने और आत्मनिर्भरता की दिशा में हुए विकास को भी रेखांकित किया।

समस्याओं के निराकरण के लिए लगे विभागीय स्टॉलः सांसद चौधरी : सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक संचालित किया जा रहा है। शिविर में सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं, जहां ग्रामीण योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और अपनी समस्याओं एवं आवेदनों को संबंधित विभाग के समक्ष रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों का यथासंभव शीघ्र निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। बड़े पुल के निर्माण से लोगों को आवागमन में सुविधा मिली है तथा बेलाट नाला पुल का कार्य टेंडर प्रक्रिया में है। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा आम लोगों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। वरिष्ठ नागरिक श्री चंद्राकर ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। पूर्व विधायक श्री गोवर्धन मांझी ने कहा कि भारत को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान संचालित किया जा रहा है। क्षेत्र की आवश्यकताओं को रखते हुए बेलाट नाला पुल के निर्माण की मांग का उल्लेख किया तथा क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने की आवश्यकता बताई। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान समाज को जागरूक और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य भारत को सशक्त एवं विकसित बनाने के प्रयासों में आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करना है।

मैनपुर में कांग्रेसियों...

मांगों शामिल थीं। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष राम—ष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, निहाल नेताम, युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शाहिद मेमन, तनवीर राजपूत, आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष दुलेन्द नेगी, कांग्रेस नेता लिकेश यादव, डोमार साहू एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे वहीं दूसरी ओर सुरक्षा की –ष्टि से पुलिस के आला अफसर एवं पुलिस के बाल भारी संख्या में तैनात किए गए थे।

जामगांव लचकेरा सहकारी...

हेमलाल साहू,सुखी राम दीवान,राधेश्याम साहू,लालाराम साहू,शंभू राम साहू,कामता साहू,दोहन साहू,कौशल साहू,जगत साहू,मुन्ना साहू,नारायण साहू,कनक राम सिन्हा सहित क्षेत्र से आए हुए सभी किसान जन सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

आवास सर्वे में पात्र ...

अध्यक्ष हरीश साहू ने शासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों एवं सरपंचों द्वारा पूरी जिम्मेदारी के साथ पात्र हितग्राहियों का सर्वे किया गया था। पंचायत स्तर पर किए गए सर्वे के बाद यदि किसी पात्र हितग्राही का नाम सॉफ्टवेयर अथवा तकनीकी प्रक्रिया के कारण स्वतः कट गया है, तो इसके लिए सरपंचों को जिम्मेदार नहीं माना जाना चाहिए। श्री साहू ने कहा कि जिन पात्र हितग्राहियों के नाम सूची से हटे हैं, उनके साथ जिला सरपंच संघ और प्रदेशभर के सरपंच खड़े हैं।

अवैध महुआ शराब बनाने, बिक्री एवं परिवहन पर कार्रवाई अभियान

शराब की अवैध बिक्री, परिवहन, तीन मामलों में 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शराब की अवैध बिक्री और परिवहन के तीन मामलों में जिले की पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि जिला पुलिस महासमुंद द्वारा अवैध महुआ शराब बनाने, बिक्री एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी के तहत 05 अक्टूबर को बसना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम दलदली के सामने जंगल रनकोट जाने वाली पगडंडी रास्ते में तीन व्यक्ति अवैध महुआ शराब बिक्री करने के लिए ले जा रहे हैं। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद घेराबंदी कर छापामार कार्रवाई की। मौके संदेही विजय कुमार पिता सरोज रति सोनी (30 साल), त्यागी सोनी पिता जगसाय सोनी (29 साल) व महेश राम यादव पिता लक्ष्मण यादव (50 साल) सभी निवासी ग्राम गढ़गांव चौकी भंवरपुर के कब्जे से लगभग 100 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब (कीमत 20,000 रुपए) को बरामद किया गया।



इसी तरह दूसरे मामलेमें बसना पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति जुपिटर स्कूटी क्रमांक सीजी 06 एचडी 7658 में अवैध रूप से देसी शराब का परिवहन कर रहा है। सूचना पर चौकी भंवरपुर पुलिस टीम ने ग्राम जमदरहा हाई स्कूल के पास पहुंचकर घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ा। जिसने पूछताछ में अपना नाम सूर्यकांत चौहान पिता तेज कुमार चौहान (19 वर्ष) निवासी ग्राम भैरोपुर थाना सांकरा का रहने वाला बताया। संदिग्ध की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 40 पौवा देशी प्लेन शराब (कीमत 3200 रुपए) को बरामद किया गया। साथ ही परिवहन में प्रयुक्त एक जुपिटर स्कूटी कीमती करीब 50 हजार रुपए को कब्जे में लिया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

तीसरे मामले को लेकर सरायपाली पुलिस ने बताया कि 05 अक्टूबर की रात्रि करीब 8 बजे घटनास्थल ग्राम आवलाचक्का मेन रोड मे आरोपी अमित कुमार बसंत पिता केदारनाथ (32 वर्ष) आंवलाचक्का के कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब कीमत करीब 6000 रुपए को बरामद किया गया। इस मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

खबर संक्षेप

बस का इंतजार कर रहे युवक की बैग में मिला गांजा



महासमुंद। बैग में गांजा रखकर बस का इंतजार कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 2,62,900 रुपए का गांजा बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध कोमाखान थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी, परिवहन तथा बिक्री एवं इंड टू इंड इन्वेस्टिगेशन, फायनेंशियल इन्वेस्टिगेशन पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसके परिपालन में जिले में पुलिस के द्वारा लगातार चेकिंग कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत कोमाखान पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर बस का इंतजार कर रहा है। सूचना पर कोमाखान पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बस का इंतजार करते खड़े व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा और पूछताछ की। संदेही ने अपना नाम सोम कालखोर पिता महेश कालखोर (29 साल) निवासी भरतवाड़ा रोड मंगलमूर्ति सोसायटी न्यू ओमनगर पारडी थाना भांडेवाड़ी जिला नागपुर महाराष्ट्र का रहने वाला बताया। उक्त व्यक्ति के बैग की तलाशी लेने पर बैग में कुल 5.258 किग्रा गांजा (कीमत 2,62,900 रुपए) को बरामद किया गया।

बिंझवार समाज के नुआखाई कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक



बागबाहरा। खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ग्राम सराईपाली बुंदेली में आयोजित बिंझवार समाज के नुआखाई कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में विधायक यादव ने नुआखाई पर्व के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि ऐसे पारंपरिक और सामाजिक आयोजन लोगों को आपस में जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने समाज के लोगों को आपसी भाईचारे, एकता और सामाजिक सद्भाव के साथ आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं। नुआखाई के अवसर पर समाजजनों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पर्व मनाया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने विधायक यादव का स्वागत किया तथा सामाजिक विषयों पर चर्चा भी की। नुआखाई पर्व पर आयोजित यह कार्यक्रम आपसी मेल-मिलाप और सामाजिक एकजुटता का अवसर बना। इस अवसर पर प्रेमसिंग, हेमसागर बिंझवार, परमेश्वर बिंझवार, दशरथ बिंझवार, अजय बिंझवार, दयाराम बिंझवार, विश्वनाथ बिंझवार, श्यामलाल बिंझवार, ईश्वर बिंझवार, नैनसिंग बिंझवार, कन्हैया बिंझवार, सूरजचंद, मंशाराम बिंझवार, धनउ बिंझवार, चंदन सिंह बिंझवार, माखन बिंझवार, मालिक राम बरिहा, झुमूक लाल बिंझवार, नवधर बिंझवार, युगल किशोर बिंझवार एवं बजरंग बिंझवार सहित समाजजन मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री आवास योजना से पात्र हितग्राही का नाम हटाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ छूईहा-बेलर

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण 2.0 की सर्वे सूची से पात्र हितग्राही का नाम हटाए जाने के गंभीर आरोपों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी फिंगेश्वर-राजिम ने कड़ा रुख अपना लिया है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने ग्राम पंचायत चरभट्ठी देवगांव में कथित अनियमितता और फर्जीवाड़े की शिकायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत फिंगेश्वर से करते हुए मामले की तत्काल निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूपेश साहू और चरभट्ठी (देवगांव) के सरपंच डॉ. राजेन्द्र साहू ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत की सचिव ईश्वरी साहू द्वारा आवास योजना की सर्वे एवं सूची तैयार करने की प्रक्रिया में सरपंच की जानकारी और सहमति के बिना उनके फर्जी हस्ताक्षरों का उपयोग किया गया। आरोप है कि इसके जरिए सूची में शामिल पात्र हितग्राही का नाम अवैध रूप से हटा दिया गया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों को पक्की छत मुहैया कराने की एक अत्यंत महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजना है। ऐसे में किसी पात्र गरीब का हक छीनना गंभीर विषय है। कांग्रेस ने मांग की है कि संबंधित दस्तावेजों और हस्ताक्षरों का तत्काल सत्यापन किया जाए और पात्रता सही पाए जाने पर हितग्राही का नाम दोबारा सूची में जोड़कर उसे योजना का लाभ दिलाया जाए।

एक सप्ताह में जांच नहीं हुई तो जनपद पंचायत का घेराव करेगी कांग्रेसः रूपेश

एक सप्ताह का अल्टीमेटम

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने प्रशासन को एक सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि इस अवधि में निष्पक्ष जांच शुरू नहीं हुई और दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से जनपद पंचायत फिंगेश्वर का घेराव कर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने दो टूक कहा कि गरीबों के अधिकारों से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



नाराजगी की वजह से नाम प्रकरण में आयाः ईश्वरी

इस पूरे मामले पर ग्राम पंचायत सचिव ईश्वरी साहू ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि आवास शाखा के प्रभारी राकेश साहू ने उनसे यह कहकर हस्ताक्षर कराए थे कि तुम सचिव हो, यहाँ दस्तखत कर दो, सरपंच डॉ. राजेन्द्र साहू से हम करा लेंगे। उन्होंने कहा कि वे उनकी बातों के झांसे में आ गई थीं और इस मामले की गहराई से वाकिफ नहीं हैं। सचिव का यह भी कहना है कि सरपंच पहले से ही उनसे नाराज चल रही हैं, संभवतः इसी वजह से उनका नाम इस प्रकरण में सामने आया है।

अभनपुर के ग्राम चंडी में स्कूल और नर्सरी के पास धड़ल्ले से चल रहीं चेन माउंटेन मशीनें

एफसीआई की 23 एकड़ जमीन पर मुरुम उत्खनन का आरोप, उड़ती धूल से स्कूली बच्चे हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

ग्राम पंचायत नाहना चंडी में कृष्णा पब्लिक स्कूल के पीछे छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्य एवं उद्योग विभाग रायपुर (एफसीआई) के लिए अधिग्रहित एवं संरक्षित करीब 23 एकड़ जमीन पर कथित रूप से मुरुम की अवैध खुदाई का मामला सामने आया है। खसरा नंबर 414/2 में चैन माउंटेन मशीन से मुरुम की खुदाई कर हाईवा वाहनों के माध्यम से परिवहन किए जाने की बात सामने आई है। गौरतलब है क्षेत्र के उल्बा जामगांव, बेलडीह, खोल्हा, ठेलकाबांधा और अन्य गाँव में श्मशान भूमि, गौठान, चारागाह, समतल एवं घास भूमि में अवैध खनन हो रही है। ग्राम चंडी द्वारा इस मामले में एनओसी दिए जाने की बात कही जा रही है। वहीं चंडी सरपंच से खनिज विभाग की एनओसी दिखाने की बात किए जाने पर वे खनिज विभाग द्वारा जारी एनओसी प्रस्तुत नहीं कर पाए। ऐसे में मुरुम उत्खनन के लिए वैध अनुमति है या नहीं, इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। उत्खनन स्थल से मुरुम परिवहन के चलते मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं



और धूल की मोटी परत जम गई है। महज करीब 50 मीटर की दूरी पर स्थित स्कूल में सैकड़ों बच्चे पढ़ने आते हैं। भारी वाहनों की आवाजाही और उड़ती धूल से विद्यार्थियों एवं आसपास के लोगों को परेशानी हो रही है। वहीं उत्खनन क्षेत्र में स्थित नर्सरी के पेड़-पौधों को भी नुकसान पहुंचने की बात सामने आई है। भारी वाहनों की आवाजाही, धूल और खुदाई से बने गहरे गड्ढों के कारण स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। समय रहते उत्खनन और भारी वाहनों की आवाजाही पर गंभीर हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

अधिकारियों की चुप्पी और संलिप्तता पर उठे सवाल

संरक्षित सरकारी जमीन पर कथित रूप से लंबे समय से उत्खनन जारी रहने की स्थिति में संबंधित विभागों की निगरानी और कार्रवाई की भूमिका भी जांच के दायरे में आने की बात कही जा रही है। सवाल यह भी है कि इतनी संवेदनशील सरकारी जमीन पर कथित खुदाई की जानकारी खनिज एवं राजस्व अधिकारियों को दी जा रही है। फिर भी इस पर रोक नहीं लगाई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि इसमें विभाग के लोगों की संलिप्तता है। अब मुख्य सवाल यह है कि यदि जांच में एफसीआई के लिए अधिग्रहित जमीन से बिना अनुमति मुरुम निकाले जाने की पुष्टि होती है, तो सरकारी संपत्ति को हुए नुकसान की भरपाई कौन करेगा और जिम्मेदारी किसकी तय होगी,मामले में उत्खनन की अनुमति, पंचायत एनओसी और खनिज विभाग की स्वीकृति की जांच की मांग ग्रामीणों द्वारा की गई है।

टीम भेजकर कराएंगे जांचः खनिज उप संचालक

मामले में खनिज प्रशासन के उप संचालक राजेश मालवे से दूरभाष पर चर्चा करने पर उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में आया है, मौके पर जांच टीम भेजकर विधिवत कार्रवाई कराई जाएगी।

काम पूरा कराने के लिए डालते हैं भारी दबाव, भुगतान मांगने पर केवल इंतजार ही इंतजार



रसेला। गांवों में विकास कार्यों को गति देने वाली मनरेगा योजना अब पंचायत प्रतिनिधियों के लिए आर्थिक परेशानी का कारण बनती जा रही है। काम पूरा हो चुका है, निर्माण सामग्री लग चुकी है, मजदूरों ने काम कर दिया, लेकिन मटेरियल भुगतान अब भी अटका हुआ है। करीब 8 माह से लंबित भुगतान ने छुरा विकास खंड के कई सरपंचों की मुश्किलें बढ़ा दी है। काम कराने के लिए उधार में सामग्री लेने वाले सरपंच अब व्यापारियों और सप्लायरों की तकादे झेलने को मजबूर हैं। लंबित भुगतान का यह मुद्दा आयोजित शिविर में जोरदार तरीके से उठा।

सरपंच संघ के अध्यक्ष पन्ना लाल ध्रुव के नेतृत्व में क्षेत्र के सरपंचों ने कलेक्टर रणवीर शर्मा को ज्ञापन सौंपकर मनरेगा के पूर्ण हो चुके कार्यों की लंबित मटेरियल राशि शीघ्र जारी कराने की मांग की गई। सरपंचों का कहना है कि पंचायतों को विकास कार्य समय पर पूरा कराने के लिए लगातार निर्देश दिए जाते हैं। सरपंच गांव के विकास को प्राथमिकता देते हुए कई बार स्थानीय व्यापारियों से उधार में सीमेंट, गिट्टी,ईट सहित अन्य निर्माण सामग्री लेकर काम पूरा करा देते हैं, लेकिन काम पूरा होने के बाद भुगतान की प्रक्रिया लंबी खिंचने से अब वही उधारी सरपंचों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। सरपंचों का कहना है कि यदि समय पर भुगतान नहीं हुआ तो आने वाले समय में पंचायत स्तर पर विकास कार्यों के लिए सामग्री उधार लेना भी मुश्किल हो सकता है। व्यापारियों का भरोसा प्रभावित होने पर पंचायतों को निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने में दिक्कत आ सकती है। आयोजित सेवा सेतु शिविर में लंबित मनरेगा भुगतान का मुद्दा सीधे कलेक्टर के सामने रखा।

सरगोड़ में आंगनबाड़ी मिलन उत्सव सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर।

प्रधानमंत्री नरेद मोदी के 25 वर्ष के सेवाकाल के तत्वावधान मे 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 1 माह के सेवा संकल्प सेतु अभियान आंगनवाड़ी मिलन उत्सव कार्यक्रम ग्राम सरगोड़ आगनबाड़ी क्र. 1, 2 में मनाया गया।

कार्यक्रम में गर्भवती महिला पोषण आहार भेंट, 9 माह के बच्चों को अन्न प्राशन कराया गया। वहीं पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका को प्रशस्ति पत्र श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से फिंगेश्वर मंडल सेवा संकल्प सेतु अभियान सयोजक भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के उपाध्याय



दशरथ सिन्हा,पूर्व जिला किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मिंजून साहू,पूर्व सरपंच जामगांव भाजपा नेता अरुण कुमार सिन्हा,भाजपा मंडल महामंत्री प्रेमलाल टोडर,ग्राम पंचायत भेंड्री सरपंच श्रीमती सविता सिन्हा,जनपद सदस्य श्रीमती चम्पेश्वरी धुरव,सरपंच प्रतिनिधि चुम्मन सिन्हा,भाजपा मिडिया प्रभारी हेमंत सिन्हा,चोवा राम धुरव,आंगनवाड़ी सुपरवाइजर रितु साहू, आंगनवाड़ी क्र. 1 की कार्यकर्ता देवसरी साहू, क्र. 2 की श्रीमति गीता धुरव,आंगनवाड़ी सहायिका गीता ध्रुव,चमेस्वरी ध्रुव, मितानिन दीदी दानेश्वरी साहू ,पंच श्रीमती देवकी सिन्हा,गंगाबाई सिन्हा,लिकेशवरी साहू,पंच गूंजा सिन्हा,रेखा ध्रुव,लक्ष्मी सेन एवं आंगनवाड़ी के बच्चे कार्यक्रम मे शामिल रहे।

पितर श्रद्धा, भक्ति, तर्पण व विश्वास का पर्व



फिंगेश्वर। ग्राम पोखरा में श्रद्धा एव भक्तिपूर्ण पितर मनाया गया। मानस व्याख्याकारों ने गीत संगीत से वातावरण को भक्तिमय कर दिया।

पितर मानस महोत्सव का आयोजन पोखरा के हृदय स्थल बाजार चौक में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अपने पूर्वजों की छाया चित्र के साथ पितृदेव की पूजा अर्चना पश्चात हुआ। अतिथि के आसंदी से बोलते हुए जिला साहू संघ के अध्यक्ष प्रवीण साहू ने कहा कि पितृ पक्ष हिंदू धर्म का एक प्रमुख आस्था एवं विश्वास के पर्व के रूप में देखा जाता हैं जो हमारे सनातन धर्म के लिए विशेष महत्व रखता हैं।इसे भाद्रपद की पूर्णिमा तिथि से शुरुआत और आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से मनाने का विधान है। पितरों की आत्म की शांति के लिए श्राद्ध,पूजा, तर्पण एवं भोज के आयोजन कर पितरों के ऋण से उऋण होने का विधान है। यह आयोजन त्रिवेणी संगम मानस

■ पोखरा में हुआ पितर मानस महोत्सव



शक्ति केंद्र बकली राजिम के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय पितर मानस महोत्सव के रूप में आयोजित किया गया। इसे मातृ शक्तियों के पर्व पितर नवमी को ध्यान में रखकर किया गया है, जहां पितरों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी का एक सराहनीय सहयोग रहा।

उक्त आयोजन में जिला मानस संघ गरियाबंद,फिंगेश्वर ब्लाक मानस संघ एवं मानस शक्ति केंद्र बकली के संयुक्त रूप से सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा। पूरे आयोजन में कुमान सिंह धुरव महामंत्री जिला मानस संघ गरियाबंद,नंदकुमार यादव ब्लाक अध्यक्ष,टीकमचंद सेन उपाध्यक्ष, रामकुमार देवांगन संरक्षक बसंत साहू,कोषाध्यक्ष दौलत राम साहू,उत्तम राम रावत,दिलीप साहू,भरत लाल साहू,संतोष साहू, भरत लाल साहू वकिल, संयोजक उमेश साहू के साथ ग्रा.पं. पोखरा सरपंच डॉ. सिया राम साहू,भरत साहू, कोमल साहू,टिकेश साहू, हिरऊ राम साहू,रोशन साहू, बलीराम पटेल,हुलस यदु,लाला राम साहू अध्यक्ष राजिम भक्तिन माता समिति राजिम,ललित साहू उपाध्यक्ष साहू समाज पोखरा परिक्षेत्र,डॉ. संजीव कर्मकार इसके अलावा मानस वक्ता गजानंद साहू राजीव लोचन मा.प.परतेवा,,रामकुमार देवांगन पीयुष मानस प.राजिम,सत्संग मानस परिवार नव सुरज मानस परिवार खुड़ियाडीह,श्री पुरूषोत्तम मानस परिवार सुंदरकाण्ड समिति राजिम,अर्चना आदर्श महिला मानस परिवार बड़ी करेली एवं समस्त ग्राम वासी पोखरा की उपस्थिति कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त जानकारी फिंगेश्वर ब्लाक मानस संघ सह सचिव थानू राम निषाद ने दी है।

रोबा में आंगन मिलन उत्सव कार्यक्रम संपन्न

फिंगेश्वर। भाजपा फिंगेश्वर मंडल के तत्वावधान में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगन मिलन उत्सव कार्यक्रम ग्राम रोबा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1,2,3 में आयोजित किया गया है।

मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सदस्य उमा राधेश्याम एवं पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राधेश्याम साहू थे। वहीं पर विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल महामंत्री भुवन लाल साहू फिंगेश्वर एवं प्रथम नागरिक सरपंच हितेश्वरी प्रदीप साहू,युवा कार्यकर्ता



उपसरपंच बसंत साहू,संचालक सत्यवान साहू,किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष संतराम साहू फिंगेश्वर,जगदेव सिन्हा,ग्रामीण अध्यक्ष डिगेश साहू एवं महिला बाल विकास आँगनबाड़ी सुपरवाइजर हेमपुष्पा साहू एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एव सहायिका कमला साहू सहित ग्राम की मातृशक्ति एवं नागरिक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम मे स्वस्थ बच्चे एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका का भी सम्मान किया गया।

रूपसिंग ने तैयारियों का लिया जायजा

रक्तदान शिविर के लिया किया स्थल निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा-बेलर

मांडव्य ऋषि आश्रम बावाकुपी मड़वाडीही में 8 अक्टूबर को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

शिविर की तैयारियों को लेकर मंगलवार को सामाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू ने आश्रम परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शिविर में रक्तदाताओं एवं उनके एक सहयोगी के विश्राम और भोजन की व्यवस्था के साथ ही जांच शिविर में पहुंचने वाले चिकित्सकों के लिए



आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने की तैयारी की गई। आयोजन को व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यह रक्तदान शिविर सामाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में उनके समर्थकों एवं प्रशंसकों द्वारा आयोजित किया जा रहा है। शिविर में बड़ी संख्या में रक्तदाताओं के शामिल होने की संभावना है। स्थल निरीक्षण के दौरान संदीप कामड़े, दिनेश तीरथ निषाद, अजय शुक्ला, नंदू यादव, हेमलाल नेताम, सरपंच मनोज यदु, रामाधार साहू, मोती निषाद, नानक राम, संतोष यादव एवं जीवन साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के दो सेनानियों ने किया रक्तदान



छुरा। रक्तदान-महादान है इस वाक्य को चरितार्थ करते हुए छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के जिला मीडिया प्रभारी पुष्पराज साहू 'राज' ने रक्तअल्पता से पीड़ित एक जरूरतमंद महिला के लिए अपने ए प्लस रक्त का 17वाँ बार दान जिला अस्पताल गरियाबंद में किया। वहीं छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना, छुरा के खड़ अध्यक्ष चोखेलाल साहू ने पहली बार रक्तदान किया। दोनों ने रक्तदान को मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए लोगों से भी नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि रक्तदान से किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है और स्वस्थ व्यक्तियों को सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने आम जनता के अलावा सभी संगठन या पार्टी स्तर के जनप्रतिनिधियों से भी जनसेवा के कार्यों में जमीनी स्तर पर भी कार्य करने की अपील की।

गिधामुड़ा में सोलर पंप, केबल वायर चोरी

महासमुंद। ग्राम गिधामुड़ा में लगे तीन सोलर पंप को क्षतिग्रस्त कर पंप, पाइप और केबल वायर चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को बेदलाल साव निवासी गिधामुड़ा ने बताया कि उसने तीन वर्ष पूर्व क्रेडा के माध्यम से सोलर पंप लगाया था। 28 सितंबर को अज्ञात चोरों द्वारा सोलर पंप, 150 पाइप, 160 फीट केबल वायर को चोरी कर लिया गया। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

दामाद ने की मारपीट

महासमुंद। ग्राम लाफिनखुर्द में एक व्यक्ति के साथ उसके दामाद ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली थाने में आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। प्रार्थी भानूप्रताप मार्कंडे ने पुलिस को बताया कि 4 अक्टूबर की रात्रि लगभग 10.30 बजे उसका बहन दामाद मुकेश निराला उसकी मां राधिका मार्कंडे एवं बहन पार्वती निराला के साथ घरेलू बात को लेकर लडाई-झगड़ा कर रहा था, जब उसने समझाने की कोशिश की तो मुकेश ने गाली गलौज कर लकड़ी के डंडे से मारपीट कर दी। साथ ही जान से मारने की धमकीदी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

पड़ोसी ने की मारपीट, सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज

महासमुंद। ग्राम बेलसोंडा में मारपीट के मामले में आरोपी पिता-पुत्र के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। बेलसोंडा का दुर्गेश धीवर 5 अक्टूबर की रात 8 बजे अपने घर के बाहर में था, उसी समय पड़ोसी ताराचंद धीवर पुरानी बात को लेकर उसके साथ गाली गलौज करने लगा, जिसे मना करने पर हाथ मुक्का और डंडे से मारपीट की। यह देखकर आरोपी के बेटे ने भी वहां आकर मारपीट की। मारपीट से दुर्गेश के बांए आंख व सिर के पीछे चोटें आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

दुकान संचालक से तीन लोगों ने की मारपीट

महासमुंद। दुकान संचालक से मारपीट के मामले में सरायपाली थाने में तीन लोगों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को गौरव अविनाशी वार्ड नं 02 वीरेंद्र नगर सरायपाली ने बताया कि उसकी 100 बिस्तर अस्पताल के पास डेली नीड्स की दुकान है। 05 अक्टूबर को वह अपने दुकान में था। दोपहर करीबन 02 बजे लियाकत अली, तौफिक खान, बाबू तीनों दुकान के पास आए। जिनमें से पूर्व के परिचित लियाकत अली ने उससे पैसा मांगा।

रानी मां केरापानी: प्रकृति, रहस्य और आस्था का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

डूमर व के पेड़ से बह रही अविरल जलधारा, केरापानी को 'अगम गंगा' का माना जाता है उद्गम स्थल

प्रकृति की गोद में बसा मलेवा अंचल का रानी मां केरापानी क्षेत्र इन दिनों सैलानियों और श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मुढीपानी के नाम से भी विख्यात यह स्थल अपनी प्राकृतिक सुंदरता, रहस्यमयी गुफाओं और धार्मिक महत्व के लिए दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। केरापानी को 'अगम गंगा' का उद्गम स्थल माना जाता है, जहां एक अनोखा दृश्य देखने को मिलता है। यहाँ डूमर के पेड़ से लगातार अविरल जलधारा बह रही है।

लगभग एक हजार फीट ऊपर मलेवा पहाड़ के इस दुर्गम स्थल को शक्ति स्वरूपा देवी 'रानी मां' की कर्मस्थली माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यहाँ स्थित गंगा में स्नान करने से बड़े से बड़े पाप जैसे गोहत्या और ब्रह्महत्या के दोष भी नष्ट हो जाते हैं। इस वनांचल में देववृक्ष, गुलर, जीवनबूटी, केले, देवधानबाली और आम जैसे पेड़-पौधे प्राकृतिक रूप से प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं।

इसके अलावा कपाटखोल, अधियारझोला, बगरनपाठ और करहीदहरा जैसे कई रहस्यमयी स्थल भी इस क्षेत्र की खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं। खनिज संपदा के लिहाज से यहाँ लौह अयस्क और छुही का भंडार मौजूद है।

तपस्या के लिए आदर्श स्थान

तपस्या और शांति की तलाश करने वालों के लिए यह एक आदर्श स्थान है। इस स्थल के संरक्षण और संवर्धन के लिए वर्ष 2006 से क्षेत्र की 8 पंचायतों ने मिलकर 'रानी मां सेवा समिति' का गठन किया है। दोनों नवरात्रि पर्वों पर यहाँ श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है, जो दुर्गम पहाड़ी घाटियों को पार कर माता के दर्शन के लिए पहुँचते हैं। पर्व के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जाती है और अष्टमी के दिन विशाल भंडारे का आयोजन होता है। बारिश के दिनों में यहाँ के झरने और रिमझिम फुहारें इस स्थान को एक बेहतरीन पिकनिक स्पॉट बना देती हैं। मुढीपानी से 3 किलोमीटर दूर घने जंगलों के बीच स्थित इस पवित्र स्थल के रास्ते में भगवान हनुमान जी की एक विशाल मूर्ति भी स्थापित की गई है।



धार्मिक आयोजन संचालन के लिए समिति

इस ऐतिहासिक और धार्मिक आयोजन का सफल संचालन समिति के अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता, कोषाध्यक्ष चंदर सिंह कंवर, संयोजक जानूराम दीवान, पंडा दिलेश्वर दीवान, सलाहकार लोकराम यादव, घनश्याम साहू, नारायण सिंह ठाकुर, गोकुल राम ध्रुव, कमलेश्वर नायक, झवर अग्रवाल, कृष्णा साहू, बैगा मुंशी राम ठाकुर सहित मुढीपानी के समस्त ग्रामवासियों, क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्राम प्रमुखों के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व में 250 प्रतिभागियों ने लिया भाग

'रन फॉर हॉर्नबिल' में कलेक्टर और अधिकारियों ने लगाई 10 किमी दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

वन्यजीव संरक्षण सप्ताह 2026 के तहत मंगलवार को उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व में 'रन फॉर हॉर्नबिल' 10 किलोमीटर दौड़ का भव्य आयोजन किया गया। मालाबार पाइड हॉर्नबिल धनसावद पक्षी के संरक्षण और स्थानीय समुदायों में इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस मैराथन में लगभग 250 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस अनूठी दौड़ में गरियाबंद जिले के कलेक्टर रणबीर शर्मा और प्रमुख वन अधिकारियों ने खुद शामिल होकर धावकों का हौसला बढ़ाया और पर्यावरण व वन्यजीव संरक्षण का एक सशक्त संदेश दिया।

■ मैनपुर में वन्यजीव संरक्षण सप्ताह

बनियाधस जलप्रपात से करीपगार तक रोमांचक सफर

10 किलोमीटर लंबी दौड़ की शुरुआत मनमोहक बनियाधस जलप्रपात से हुई। प्रतिभागियों ने घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों से गुजरते हुए करीपगार जलप्रपात पर अपनी दौड़ पूरी की। यह पूरा भौगोलिक क्षेत्र मालाबार पाइड हॉर्नबिल का प्राकृतिक और महत्वपूर्ण आवास माना जाता है। सुबह से ही आयोजन स्थल पर युवाओं, वनप्रेमियों और स्थानीय नागरिकों का तांता लगा रहा। कलेक्टर रणबीर शर्मा, उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक गुरुनाथन एन., वन विभाग के विशेष सचिव धम्मशील गणवीर और उपनिदेशक वरुण जैन सहित टाइगर रिजर्व की सभी 8 रेंजों के अधिकारी-कर्मचारी और ओड़ व अमलोर जैसे दूरस्थ गांवों के ग्रामीण इस मैराथन का हिस्सा बने। अधिकारियों को अपने साथ दौड़ते देख प्रतिभागियों का उत्साह दोगुना हो गया।

पारिस्थितिकी तंत्र में हॉर्नबिल की अहम भूमिका

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केवल दौड़ आयोजित करना नहीं, बल्कि स्थानीय लोगों को मालाबार पाइड हॉर्नबिल के पारिस्थितिक महत्व से जोड़ना था। हॉर्नबिल फल खाने के साथ बीजों के प्रसार में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे जंगलों के प्राकृतिक पुनरुत्थान में मदद मिलती है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के ओड़ और अमलोर गांव लगभग 2,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित हैं, जो इस पक्षी के प्रमुख आश्रय स्थल हैं। वन विभाग द्वारा हॉर्नबिल के लिए प्राकृतिक भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु पीपल, बरगद और अन्य फाइकस प्रजातियों के फलदार वृक्षों के समूह भी विकसित किए जा रहे हैं।

महिला और वेटरन वर्ग का शानदार प्रदर्शन

प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महिला वर्ग में वनरक्षक परमेश्वरी, ललिता, रिंकी जोशी और ओंध गांव की टीकेश्वरी ने शानदार खेल भावना दिखाई। पुरुष वेटरन वर्ग में क्षेत्र संचालक गुरुनाथन एन. ने सराहनीय प्रदर्शन किया, जबकि तौरेंगा के रेंजर केजूराम कोरचे ने तीसरा स्थान हासिल किया।



कलेक्टर ने की जन-भागीदारी की अपील

समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले धावकों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि हॉर्नबिल हमारे प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र का अनमोल हिस्सा है और जंगलों की हरियाली बनाए रखने में इसकी भूमिका अहम है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इस दौड़ तक सीमित न रहें, बल्कि दैनिक जीवन में वृक्षारोपण और वन्यजीव सुरक्षा का संकल्प लें। वन विभाग ने यह संदेश दिया कि केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि स्थानीय जनसहयोग से ही जंगलों और वन्यजीवों का संरक्षण दीर्घकालिक रूप से प्रभावी हो सकता है।

बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आया अग्रवाल समाज

नवापारा-राजिम। क्षेत्र में आई बाढ़ से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए सेवाभावी सामाजिक संस्था अग्रवाल नवजागरण महिला मंडल एवं अग्रवाल समाज द्वारा सेवा कार्य लगातार जारी है। बाढ़ की विषम परिस्थितियों में संस्था के सदस्यों ने प्रभावित बस्तियों में पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री एवं पीने के पानी की व्यवस्था उपलब्ध कराई। साथ ही बाढ़ प्रभावित इलाकों में भोजन वितरण की जिम्मेदारी भी संभाली। लगातार बारिश और महानदी में जलस्तर बढ़ने के कारण नगर की निचली बस्तियों में पानी भर जाने से बड़ी संख्या में परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। ऐसे समय में प्रभावित लोगों के सामने भोजन, पेयजल और रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की समस्या उत्पन्न हो गई। इसे देखते हुए अग्रवाल नवजागरण महिला मंडल एवं अग्रवाल समाज के सदस्यों ने राहत कार्यों को प्राथमिकता देते हुए जरूरतमंदों तक आवश्यक सामग्री पहुंचाने का निर्णय लिया। संस्था के सदस्यों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर वहां रह रहे लोगों की आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा परिवारों को राशन सामग्री उपलब्ध कराई। इसके अलावा स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था कर लोगों को पानी वितरित किया गया। प्रभावित लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई, ताकि संकट की इस घड़ी में किसी परिवार को भूखा न रहना पड़े। महिला मंडल की सदस्यों ने सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए भोजन तैयार करने से लेकर प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचाने की व्यवस्था में सहयोग किया। समाज के सदस्यों ने भी राहत कार्य में अपना योगदान देते हुए जरूरतमंद परिवारों की सहायता की। अग्रवाल समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के समय समाज की जिम्मेदारी केवल अपने लोगों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि जरूरतमंद हर व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना हमारा सामाजिक दायित्व है।

■ अग्रवाल नवजागरण महिला मंडल ने राशन, पेयजल व भोजन की संभाली

अनिल के समर्थन में पहुंचे जिला पंचायत सदस्य संजय



गरियाबंद। विभिन्न मांगों को लेकर पिछले 9 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे अनिल यादव के समर्थन में जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस नेता संजय नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेस नेता धरना स्थल पर पहुंचे।

इस दौरान संजय नेताम ने अनिल यादव से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं स्वास्थ्य संबंधी स्थिति की जानकारी ली। उनके आंदोलन को समर्थन दिया। उन्होंने मौके से ही जिले के कलेक्टर रणवीर शर्मा से फोन पर चर्चा कर मामले में यथासंभव सहयोग एवं आवश्यक पहल करने का आग्रह किया।

■ विभिन्न मांगों को लेकर 9 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे हैं यादव

समाधान के लिए हर स्तर पर प्रयास करेंगे

जिपं सदस्य श्री नेताम ने कहा कि अपने हक और न्याय की मांग को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष कर रहे अनिल यादव को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। उनकी जायज मांगों के समाधान के लिए हरसंभव स्तर पर आवाज उठाई जाएगी। उन्होंने अनिल यादव को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं, इस संघर्ष में आपके साथ खड़ा हूं और आगे भी हरसंभव सहयोग करता रहूंगा। लगातार 9 दिनों से जारी भूख हड़ताल को देखते हुए प्रशासन द्वारा मामले को गंभीरता से लेकर उचित पहल किए जाने की उम्मीद जताई गई है।

पिपरहट्ठा में न्योता भोज

पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)। मंगलवार को कक्षा तीसरी की छात्रा पूजा साहू एवं स्वर्गीय स्वजनों की स्मृति में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला पिपरहट्ठा के छात्र- छात्राओं को जगत राम साहू, महेश राम साहू, युवराज साहू, घनश्याम साहू एवं पूरे परिवार द्वारा न्योता भोज कराया गया। न्योता भोज में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला की सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं तथा साल प्रबंधन समिति के लोग उपस्थित रहे।



उल्बा व भरेगा में आंगन मिलन समारोह

अभनपुर। आंगनबाड़ी केंद्र उल्बा एवं भरेगा में आंगन मिलन समारोह एवं पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों एवं पालकों को पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों के पोषण और संतुलित आहार के महत्व की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों और माताओं के पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र में पोषण, स्वास्थ्य और बाल विकास को लेकर जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष किशोर साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष शशि कुमार साहू, जनपद सदस्य रानी मनोज सोनवानी, सरपंच भोजेश्वर तारक, सरपंच निलेश यदु, सुशीला सोनवानी, रेखा ठाकुर, महेश सोनवानी, कल्याणी मांडे, मनोज कुमार ढेबर, चंद्रबली, लकेश, आकाश, ब्रिजेश पाण्डेय, रूखमणि तारक, उषा, निर्तला, पर्यवेक्षक रेखा ठाकुर, आशा ढेबर, बबीता कोसले, रामकुमारी गायकवाड़, कुसुम साहू, जयंती ध्रुव, शांति गायकवाड़, चमेली भट्ट, अंजू भट्ट, बिसवंतीन घृतलहरे, किरण घृतलहरे, रोशनी, लक्ष्मी भारद्वाज सहित बच्चे, पालकगण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



फिंगेश्वरी में हुआ सेवा संकल्प एवं आंगन मिलन कार्यक्रम

मुड़ागांव(कोरासी)। ग्राम फिंगेश्वरी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 एवं 2 में सेवा संकल्प एवं आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव की गर्भवती महिलाओं एवं मातृशक्ति को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं, पोषण, स्वास्थ्य एवं बाल विकास संबंधी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अकलवारा के सरपंच गोवर्धन दीवान तथा भारतीय जनता पार्टी मंडल खड़मा के महामंत्री पालेन्द्र साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। पालेन्द्र साहू ने सेवा संकल्प कार्यक्रम के उद्देश्य के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी ग्रामीणों को दी।

■ आंगनबाड़ी की सुविधाओं और शासन की योजनाओं की दी गई जानकारी



ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में पोलिंग बूथ अध्यक्ष मानसिंग दीवान, बूथ समिति सचिव गोकुल कुंभकार, जग्गा राम साहू, पंच राम यादव, ग्राम पंचायत अकलवारा के पंच गौतम ध्रुव, बिरम दीवान, कुसुम कुंभकार, रामकली कुंभकार, आंगनबाड़ी सेक्टर सुपरवाइजर चंद्राकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता टेमेश्वरी दीवान एवं हीरा ध्रुव सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, मितानिन समूह की प्रमुख तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मातृशक्ति उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में किया गया।

नवापारा-मगरलोड रोड पर लाखों का बोर्ड बदहाल

सरकार बदली पर तीन साल में भी बोर्ड में नहीं बदले मुख्यमंत्री व पीडब्ल्यूडी मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

नवापारा से चंद कदम दूर मगरलोड रोड पर लोक निर्माण विभाग का एक बड़ा बोर्ड इन दिनों विभागीय लापरवाही की कहानी बयां कर रहा है। लाखों रुपये की लागत से लगाए गए इस बोर्ड की मरम्मत भी नहीं कराई जा रही है। वर्तमान सरकार के तीन साल पूरे होने जा रहे के बाद भी इस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और लोक निर्माण मंत्री अरुण साव की तस्वीर लगाने की जरूरत विभाग को महसूस नहीं हुई। यह स्थान धमतरी जिले की सीमा में आता है और बेहद महत्वपूर्ण आवागमन मार्ग पर स्थित है। रोजाना हजारों लोग मगरलोड से नवापारा आते-जाते हैं। वहीं, माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि पूरे 15 दिन कुलेश्वर मंदिर के आसपास लगने वाले मेले के दौरान यह मार्ग राजिम-नवापारा के साथ धमतरी, गरियाबंद और ओडिशा से आने-जाने वाले लोगों के लिए प्रमुख संपर्क मार्ग बन जाता है। मेला स्थल भी यहां से महज डेढ़ से दो किलोमीटर की दूरी पर है। प्रदेश में भाजपा सरकार को तीन वर्ष गुजर चुके हैं, लेकिन बोर्ड पर आज भी वर्तमान शासन की पहचान तक दर्ज नहीं की गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, लोक निर्माण मंत्री अरुण साव और क्षेत्र के वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर-किसी की तस्वीर भी नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में इसी बोर्ड पर तत्कालीन मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री की बड़ी-बड़ी तस्वीरें प्रमुखता से लगाई गई थीं। सरकार बदलने के बाद बोर्ड को अद्यतन करने की जिम्मेदारी भी विभाग की ही थी। लेकिन तीन साल बीत जाने के बाद भी न तस्वीर बदली गई और न बोर्ड की हालत सुधारी गई।



